# 25 राजस्थान की प्रमुख पत्र–पत्रिकाएँ

1. समाचार पत्र जिसका प्रकाशन राजस्थान सेवा संघ ने अजमेर से किया?
(1) नवीन राजस्थान (2) प्रताप
(3) राजपूताना गजट (4) राजस्थान केसरी (1)

व्याख्या– इस साप्ताहिक समाचार पत्र का प्रकाशन राजनीतिक जागरूकता फैलाने हेतु किया गया था।

2. 'अखण्ड भारत' समाचार पत्र का प्रकाशन किसने किया?
(1) विजय सिंह पथिक (2) ऋषि दत्त मेहता
(3) जयनारायण व्यास (4) सागरमल गोपा (3)

व्याख्या– अखण्ड भारत समाचार पत्र का प्रकाशन जयनारायण व्यास ने सन् 1936 में बम्बई से किया था।

3. 'नवीन राजस्थान' समाचार पत्र के संस्थापक थे?
(1) विजय सिंह पथिक (2) ऋषि दत्त मेहता
(3) जयनारायण व्यास (4) सागरमल गोपा (1)

4. 1920 के दशक में राजनीतिक जागरण के उद्देश्य से किसने ब्यावर से 'राजस्थान' अखबार का प्रकाशन किया?
(1) विजय सिंह पथिक (2) ऋषि दत्त मेहता
(3) जयनारायण व्यास (4) सागरमल गोपा (2)

व्याख्या– ऋषि दत्त मेहता ने सन् 1923 में ब्यावर से राजस्थान नामक समाचार पत्र प्रारम्भ किया।

5. 19वीं सदी में 'राजपूताना समाचार' नामक साप्ताहिक पत्र हिन्दी व उर्दू में किसके द्वारा संपादित किया गया?
(1) जयनारायण व्यास (2) ऋषि दत्त मेहता
(3) विजय सिंह पथिक (4) मास्टर कन्हैयालाल (4)

व्याख्या– राजपूताना अखबार का जयपुर से कन्हैयालाल के संपादन में रोजतुल तालीम या राजपूताना अखबार के नाम से 1856 ई. में प्रकाशित हुआ। यह द्विभाषी समाचार पत्र था।

6. 'मरूवाणी' क्या है?
(1) राजस्थानी भाषा का लोकगीत
(2) राजस्थान का लोकनृत्य
(3) चुरू से प्रसारित आकाशवाणी कार्यक्रम
(4) राजस्थानी भाषा की पत्रिका (4)

व्याख्या– मरूवाणी का प्रकाशन राजस्थानी प्रचारिणी सभा जयपुर द्वारा किया जाता है।

7. राजस्थान में 'पत्रकारिता के भीष्म पितामह' कहलाते हैं?
(1) गौरीशंकर उपाध्याय (2) पंडित झाबरमल शर्मा
(3) जयनारायण व्यास (4) पं. देवी शंकर तिवाड़ी (2)

8. राजस्थान उर्दू अकादमी जयपुर द्वारा प्रकाशित पत्रिका है?
(1) लहर (2) रिहाण
(3) नखलिस्तान (4) तहरीक–ए–मिल्लत (3)

9. राजस्थान ब्रज भाषा अकादमी जयपुर द्वारा प्रकाशित पत्रिका है?
(1) वरदा (2) हरावल
(3) रिहाण (4) ब्रज शतदल (4)

10. स्वर मंगला व स्वर माला नामक पत्रिकाएँ किस संस्थान द्वारा प्रकाशित की जाती है?
(1) राजस्थानी प्रचारिणी सभा (2) राजस्थान ब्रज भाषा अकादमी
(3) राजस्थान संस्कृत अकादमी (4) राजस्थान पत्रिका (3)

11. 'सम्बोधन' पत्रिका कहाँ से प्रकाशित होती है?
(1) कांकरोली (राजसमंद) (2) फतेहपुर (सीकर)
(3) पिलानी (झुंझुनू) (4) सरदारशहर (चुरू) (1)

12. 'मरूभारती' पत्रिका कहाँ से प्रकाशित होती है?
(1) बोरून्दा (जोधपुर) (2) बिसाऊ (झुंझुनू)
(3) पिलानी (झुंझुनू) (4) चौपासनी (जोधपुर) (3)

13. निम्न में से असत्य कथन है–
(1) राजस्थान उर्दू अकादमी–नखलिस्तान पत्रिका
(2) राजस्थान सिंधी अकादमी– रिहाण पत्रिका
(3) राजस्थान ब्रज भाषा अकादमी–राजस्थान सूजस
(4) राजस्थान शोध संस्थान–परम्परा (3)

व्याख्या– 'राजस्थान सूजस' सूचना एवं जनसम्पर्क निदेशालय (जयपुर) द्वारा प्रकाशित होती है।

14. बिन्दू नामक पत्रिका किस जिले से प्रकाशित होती है?
(1) कोटा (2) उदयपुर
(3) जयपुर (4) अजमेर (2)

15. 'रिहाण' पत्रिका का प्रकाशन किस संस्थान द्वारा किया जाता है?
(1) शिक्षा निदेशालय (बीकानेर)
(2) राजस्थानी ज्ञानपीठ संस्थान (बीकानेर)
(3) राजस्थान प्रचारिणी सभा (जयपुर)
(4) राजस्थान सिंधी अकादमी (जयपुर) (4)

16. पुरातत्त्व व संग्रहालय विभाग (जयपुर) द्वारा जारी की जाने वाली पत्रिका है?
(1) ब्रज सत दल (2) राजस्थान सुजस
(3) द रिसर्च (4) आखर जोत (3)

17. 'इतवारी' पत्रिका प्रकाशित की जाती है?
(1) सीमा संदेश (जयपुर) (2) राजस्थान पत्रिका (जयपुर)
(3) जन जागरण (जयपुर) (4) दैनिक भास्कर (जयपुर) (2)

18. बालहंस नामक पाक्षिक पत्रिका प्रकाशित की जाती है?
(1) सीमा संदेश, जयपुर (2) राजस्थान पत्रिका जयपुर द्वारा
(3) जन जागरण, जयपुर (4) दैनिक भास्कर, जयपुर (2)

19. 'जागती जोत' नामक पत्रिका का प्रकाशन किया जाता है?
(1) रूपायण संस्थान (बोरून्दा)
(2) माणक प्रकाशन (जोधपुर)
(3) राजस्थानी भाषा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी (बीकानेर)
(4) राजस्थानी शोध संस्थान (चौपासनी) (3)

20. राजस्थानी शोध संस्थान, चौपासनी (जोधपुर) द्वारा किस पत्रिका का प्रकाशन किया जाता है?
(1) परम्परा (2) माणक
(3) जागती जोत (4) हरावल (1)

21. किस पत्रिका का प्रकाशन जोधपुर से सत्य प्रकाश जोशी द्वारा किया जाता है?
(1) जन्मभौम (2) हरावल
(3) शिविरा (4) माणक (2)

22. किस पत्रिका का प्रकाशन रूपायण संस्थान, बोरून्दा (जोधपुर ग्रामीण) से किया जाता है?
(1) मरूचक्र (2) हरावल
(3) रिहाण (4) माणक (1)

23. राजस्थानी ज्ञानपीठ संस्थान (बीकानेर) द्वारा प्रकाशित पत्रिका है?
(1) रिहाण (2) पणिहारी
(3) स्वर माला (4) राजस्थानी गंगा (4)

24. प्रताप समाचार पत्र के संपादक कौन थे?
(1) जयनारायण व्यास (2) ऋषि दत्त मेहता
(3) विजय सिंह पथिक (4) गणेश शंकर विद्यार्थी (4)

**व्याख्या–** गणेश शंकर विद्यार्थी ने प्रताप नामक समाचार पत्र का प्रकाशन कानपुर से सन् 1910 में किया था। इस समाचार पत्र में बिजोलिया किसान आंदोलन का व्यापक प्रचार हुआ था।

25. जयनारायण व्यास ने 1932 में ब्यावर से कौनसा समाचार पत्र निकाला?
(1) त्याग भूमि (2) नवजीवन
(3) आगीबाण (4) राजस्थान (3)

26. सुमेलित कीजिए। नीचे दिए गए कूटों में सही कूट का चयन करें।

| समाचार पत्र | संपादक |
|---|---|
| (A) त्याग भूमि | (i) जयनारायण व्यास |
| (B) राजस्थान | (ii) अचलेश्वर प्रसाद शर्मा |
| (C) प्रजा सेवक | (iii) ऋषि दत्त मेहता |
| (D) आगीबाण | (iv) हरिभाऊ उपाध्याय |

कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | iv | iii | ii | i |
| (2) | iv | ii | iii | i |
| (3) | i | iii | ii | iv |
| (4) | i | ii | iii | iv |

(1)

27. राजस्थान का प्रथम समाचार पत्र कौनसा था?
(1) राजपूताना अखबार (2) मारवाड़ गजट
(3) राजपूताना गजट (4) मजहरूल सरुर (4)

**व्याख्या–** राजस्थान का प्रथम समाचार पत्र मजहरूल सरुर था, जो 1849 ई. में भरतपुर से उर्दू व हिन्दी भाषा में प्रकाशित हुआ।

28. नवीन राजस्थान नामक समाचार पत्र बन्द होने के पश्चात् पुनः किस नाम से प्रकाशित हुआ?
(1) राजपूताना गजट (2) तरूण राजस्थान
(3) राजपूताना हेराल्ड (4) प्रभात (2)


**व्याख्या–** विजय सिंह पथिक ने 1922 में अजमेर से नवीन राजस्थान नामक समाचार पत्र प्रारम्भ किया। मेवाड़ रियासत ने इस पर प्रतिबन्ध लगा दिया। बाद में इसी समाचार पत्र का नाम बदलकर तरूण राजस्थान कर दिया गया।


29. समाचार पत्र मजहरूल सरुर कहाँ से और कब प्रकाशित हुआ?
(1) जयपुर, 1849 (2) भरतपुर, 1849
(3) भरतपुर, 1859 (4) भरतपुर, 1839 (2)

30. राजपूताना मालवा टाइम्स और राजस्थान पत्रिका के संपादक थे?
(1) झाबरमल शर्मा (2) बख्शी लक्ष्मणदास
(3) चिमनलाल गहलोत (4) श्यामलाल शर्मा (2)

Dhindhwal Publication Lead, Read and Achieve

# राजस्थान की सभी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए सर्वश्रेष्ठ पुस्तकें –







टेलीग्राम से जुड़ने के लिए

@DHINDHWAL2023GK

– Dhindhwal Publication

– धींधवाल पब्लिकेशन

– Dhindhwal Classes

– @Publication-DP

– Dhindhwal Publication

**धींधवाल पब्लिकेशन की उपरोक्त पुस्तकें राजस्थान के सभी शहरों में प्रमुख बुक स्टोर पर उपलब्ध है। ऑनलाईन ऑर्डर कर घर बैठे मंगवाने के लिए मोबाईल नंबर 7725969600 (कानाराम जी) पर फोन या वाट्सअप मैसेज करें।**